आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश भर में आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली का पर्व। रोशनी से जगमगा उठा हर गांव और शहर।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में बाल्मीकि समाज के लोगों को बांटी मिठाइया, दिया स्वच्छता का संदेश।
- गोरखपुर में वनटांगियां परिवारों के साथ मुख्यमंत्री ने मनायी दीपावली। उन्चास करोड़ रूपये की एक सौ तैंतीस विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मांगा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया का ब्यौरा। उत्तर प्रदेश शिक्षक चयन आयोग की भूमिका पर चेयरमैन से मांगी जानकारी।

**********

प्रदेश भर में कल ज्योतिपर्व दीपावली धार्मिक आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। लोगों ने सुख, सम्पत्ति और धन की देवी मां लक्ष्मी तथा विघ्नविनाशक भगवान श्रीगणेश की पूजा–अर्चना कर समृद्धि की कामना की। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में दीपों और मोमबत्तियों की रौशनी से हर घर जगमगाता रहा। बाजारो में इमारतों को बिजली की आकर्षक झालरों से सजाया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सुबह अयोध्या के हनुमान गढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि में रामलला का दर्शन–पूजन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान श्री योगी ने मात गैड चौराहा स्थित मलिन बस्ती में बाल्मीकि समुदाय के लोगों से मुलाक़ात कर उन्हें दीप पर्व की शुभकामनाएं देने के साथ–साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कई सफाईकर्मियों और नाविकों को मिठाई बांटी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीपावली का उत्सव तभी सार्थक होता है जब हर बस्ती और हर घर रौशनी से जगमगाये।

उन्होंने कहा कि त्रेता युग से निषादराज और प्रभु श्रीराम की मित्रता, मानवता और सहयोग की प्रतीक रही है, दीपोत्सव उसी भाव से आगे बढ़ाने का अवसर है।

***दीपावली का उत्सव और उमंग तब और अच्छा हो जाता है जब हम सब मिलकर के इन आयोजनों का हिस्सा बनते हैं। दीपावली की मिठाई देने के लिए मैं विशेष रूप से उपस्थित हुआ हूं। दीपावली के आनंद को उत्साह को अपने घर में अपने परिवार में उस हर नागरिक तक पहुंचाइए जो सनातन धर्म के इन परिवारों के प्रति श्रद्धा और अनुराग का भाव रखता है। पर्व और त्यौहार के पीछे का भाव भी यही है। हम सब मिलकर के इस आयोजन का हिस्सा बने।***

मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि, द्वारिकाधीश मंदिर और वृन्दाबन के सुप्रसिद्व बांके बिहारी जी मंदिर सहित ब्रज के सभी मंदिरों में  दीपावली का उत्साह और उल्लास छाया रहा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि दीपावली पर प्रमुख मंदिरों में पूजा और अनुष्ठान का क्रम देर रात तक जारी रहा। दीपोत्सव के दिन जन्मस्थान मंदिर से दीप यात्रा निकली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

***मथुरा जो आते हैं, वह जमीन में पधारते ही हैं। तो भव्यता से अटकी गई है और एक विशेष आयोजन हमारे होता है दीपोत्सव यात्रा का। सबसे पहले केशव देव जी में रंगोली और प्रभु के शरण में दीपक जलाए जाते हैं। उसके बाद में जो भी हमारे धर्म मंदिर हैं तो सब जगह दीपक वो यात्रा चलती है कीर्तन करते हुए बैंड बाजे भक्त लोग या बड़ी संख्या में जगह चलते हैं उसमें।***

उधर, चित्रकूट में पांच दिनों तक चलने वाले दीपावली मेले में अब तक देश के कोने–कोने से आये लगभग बीस लाख श्रद्धालु देव गंगा मंदाकिनी और कामदगिरि पर्वत पर दीपदान कर चुके हैं। विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात चित्रकूट प्रभु श्रीराम की तपोभूमि रही है। वनवास काल का सबसे ज्यादा साढ़े ग्यारह साल का समय उन्होंने कामदगिरि पर्वत पर गुज़ारा था।

**********

हर वर्ष की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दीपावली के अवसर पर कल गोरखपुर के वनटांगिया गांव जंगल तिनकेनिया नम्बर तीन पहुंचे और वनवासियों के साथ दीपावली मनायी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने 49 करोड़ रुपये की 133 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दीप पर्व का महत्व ही यही है कि जहां उजाला नहीं पहुंच रहा हो, वहां एक दीप जरूर जलाएं। श्री योगी ने कहा कि जो लोग अभाव में जिंदगी गुज़ार रहे हैं उनके साथ न सिर्फ खुशियां मनायें बल्कि उनकी जरूरतों के अनुसार सुविधाएं भी प्रदान करें, ताकि नये भारत और विकसित भारत का सपना मूर्त रूप ले सके।

***डबल इंजन की सरकार ने कि जितने भी बनवासी क्षेत्र हैं, गिरवासी क्षेत्र हैं, जनजातीय समुदाय है, उनको सभी प्रकार की सुविधाओं से आच्छादित करेंगे। मुसहर है, कोल है, थारू है, शहरिया है, गौड़ है, चेरो है, बुक्सा है, इन सभी जातियों को हर प्रकार की सुविधाओं से आच्छादित करके गरीबी रेखा से ऊपर करके समृद्धि को इनके द्वार तक लेकर के जाएंगे और इस संकट के साथ पूरे प्रदेश के अंदर हमारा कार्यक्रम चल रहा है, उस कार्यक्रम में आप भी सहभागी बन सकते हैं।***

**********

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से शिक्षक भर्ती प्रक्रिया का ब्यौरा उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार की एकल पीठ ने इस बारे में दाख़िल याचिका का संज्ञान लेते हुए भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी सभी जानकारी मांगी है। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश शिक्षक चयन आयोग के चेयरमैन से स्पष्ट करने को कहा है कि शिक्षक चयन में आयोग की क्या भूमिका है और किन प्रावधानों के तहत उसे प्राइमरी, जूनियर हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट और उच्च शिक्षा स्तर पर नियुक्तियों का आधिकार हासिल है।

**********

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने साल दो हजार चौबीस–पचीस के लिये एमबीबीएस की दस हजार छः सौ पचीस नई सीटों को मंजूरी दी है। आयोग प्रमुख डॉक्टर अभिजात सेठ ने बताया है कि एमबीबीएस की सीटों की संख्या बढ़कर एक लाख सैंतीस हजार छः सौ हो जायेगी। जिसमें राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की सीट भी शामिल है। डॉक्टर सेठ ने बताया कि इकतालीस नये मेडिकल कॉलेज के जुड़ने से देश में चिकित्सा संस्थानों की कुल संख्या आठ सौ सोलह हो गई है।

**********

जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा की थी और यह 22 सितंबर को लागू हुआ था। देश के इलेक्ट्रोनिक्स क्षेत्र को मजबूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

***नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार देश के इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र को मजबूती प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। नए कर ढांचे में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं आम लोगों के लिए और अधिक किफायती हो गई हैं वहीं, घरेलू बाजार को भी बड़ा लाभ मिल रहा है। नए कर सुधारो के तहत मॉनिटर और प्रोजेक्टर पर जीएसटी दर 28 प्रतिश से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। इसी तरह सरकार ने एयर कंडीशनर, डिशवॉशर और टेलीविजन पर भी कर को घटकर 28 प्रतिशत की बजाय 18 प्रतिशत कर दिया है। करो में हुई इस कटौती से घरेलू मांग बढ़ रही है और परिवारों के लिए इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद सस्ते और अधिक सुलभ हो गए हैं। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी, समाचार दिल्ली।***

**********

वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र स्थित अन्नपूर्णा मंदिर में पिछले दो दिनों में पॉच लाख श्रद्धालु मां के स्वर्णमयी विग्रह का दर्शन पूजन कर चुके है। दरबार में लगातार तीसरे दिन कल ज्योतिपर्व दीपावली पर भी श्रद्धालुओं की लम्बी कतार दर्शन–पूजन के लिये लगी रही। मंदिर में कल देर शाम महंत शंकरपुरी ने स्वर्णमयी अन्नपूर्णा के विग्रह के समक्ष इक्यावन दीप अर्पित कर देश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान अन्य भक्तों ने भी माता के दरबार में दीप दान किया। अन्नपूर्णा मंदिर के प्रबंधक काशी मिश्रा ने बताया कि अन्नकूट की तैयारी भी पूरी हो गयी है। मां अन्नपूर्णा के दर्शन के लिए मंदिर का पट केवल धनतेरस से भाई दूज तक ही खुलता है।

**********

रेलवे प्रशासन ने छठ पर्व सहित आगामी त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुविधाओं के लिये विभिन्न रूटों पर विशेष ट्रेनें चलाने के साथ ही ट्रेनों के फेरे और ठहराव बढ़ाने का निर्णय किया है। इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे ने भी विशेष ट्रेन सेवाओं की व्यवस्था की है, ताकि हर यात्री सुरक्षित, सहज और समय पर अपने गंतव्य तक पहुँच सके। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा कुल चौवालीस विशेष गाड़ियों के माध्यम से आगामी दो माह में छः सौ पचास फेरे लगाए जाएंगे। जिनमें अक्टूबर माह में तीन सौ चौहत्तर और नवम्बर माह में दो सौ छिहत्तर फेरे शामिल हैं।

**********